भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा अनुसंधान तथा विकास विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 51

18 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए

रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास पर व्यय

51. श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों में रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) पर वर्ष-वार कुल कितना व्यय किया गया है, यह जीडीपी का कितना प्रतिशत है;

(ख) पिछले पांच वर्षों में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) पर वर्ष-वार कुल रक्षा व्यय का कितना प्रतिशत व्यय किया गया;

(ग) चीन / यू.के / यू.एस.ए जैसे देश अनुसंधान और विकास पर अपनी जीडीपी का कितना प्रतिशत व्यय करते हैं;

(घ) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिकों (एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस पृष्ठभूमि वाले वैज्ञानिक सहित) के कुल कितने पद रिक्त हैं; और

(ङ) क्या इन पदों को भरने की कोई योजना है, यदि हां, तो कब तक ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क): जीडीपी की प्रतिशतता के रूप में विगत पांच वर्षों में रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास पर वर्ष-वार कुल व्यय निम्नवत है:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	कुल जीडीपी	डीडी अनुसंधान और विकास पर व्यय	कुल जीडीपी के % के रूप में डीडी अनुसंधान और विकास व्यय
2017-18	17090042.00	15203.04	0.088
2018-19 (दूसरी आरई)	18886957.00	17049.01	0.090
2019-20 (पहली आरई)	20351013.00	17375.13	0.085
2020-21 (पीई)	19745670.00	15706.98	0.079
2021-22 (पहली एई)	23214703.00	18290.98	0.078
2022-23	-	21330.20	-

(ख): वित्तीय वर्ष 2017-18 से बजट प्राक्कलन स्तर पर रक्षा आवंटन और डीडी अनुसंधान और विकास आवंटनों का तुलनात्मक ब्यौरा निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	रक्षा व्यय	बीई स्तर पर आरएंडडी को आवंटित बजट	रक्षा व्यय का %
2017-18 (बीई)	272560.00	15203.04	5.58
2018-19 (बीई)	295511.41	17861.19	6.04
2019-20 (बीई)	318931.22	19021.02	5.96
2020-21 (बीई)	337553.00	19327.35	5.73
2021-22 (बीई)	347088.28	20457.44	5.89
2022-23 (बीई)	385370.15	21330.20	5.53

(ग): पब्लिक डोमेन में उपलब्धता के अनुसार आरएंडडी व्यय संबंधी प्रोफाइल का विवरण निम्नवत है:

	वित्तीय वर्ष 2022 हेतु बजट (अरब रुपये में)	
देश	**समग्र**	**आरएंडडी**
संयुक्त राज्य अमेरिका	756.6 अमरीकी डालर	118.9 अमेरीकी डालर
चीन	230.0 अमेरीकी डालर	अनुसंधान और विकास संबंधी बजट की वास्तविक जानकारी नहीं है ।

(घ): उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार , डीआरडीओ में वैज्ञानिकों के 799 पद (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस पृष्ठभूमि सहित) रिक्त हैं, जिनमें से 579 रिक्तियों को सीधी भर्ती के माध्यम से भरने हेतु जून, 2022 में पहले ही विज्ञापन दिया जा चुका है और शेष पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है । इन रिक्तियों को चरणबद्ध रूप में भरा जाएगा ।

****